सारी उम्र तुम्हारी कमी

सारी उम्र तुम्हारी कमी खले गी माँ,
जब दूंगा आवाज तू संग चले गी माँ,
मेरी माँ मेरी माँ तेरे जैसा दूजा और कहा,

ममता की छाओ में माँ तूने मुझको पाला,
मेरे जीवन मे किया माँ खुशियों का उजाला,
तुझ में ही तो है रब माँ तू दूर मुझसे कब माँ,.
मेरी माँ मेरी माँ तेरे जैसा दूजा और कहा,

सब दोबारा पा लूंगा माँ तुम को कैसे पाउ गा,
कभी यादो में कभी सपनो में तुम को ही भुलाऊगा,
वो पल फिर से आये माँ जो दिन तेरे संग बिताये माँ,
मेरी माँ मेरी माँ तेरे जैसा दूजा और कहा,

मेरी गलती भुला देती थी ऐसी थी तू माँ,
सची थी बिलकुल सीधी थी अच्छी थी तू माँ,
मेरे सिर पे तेरा हाथ माँ याद आये तेरी हर बात माँ,
मेरी माँ मेरी माँ तेरे जैसा दूजा और कहा,

देके मुझको लोरियां तूने ही सुलाया था,
जब भी मैं रोया था मा तूने ही हास्या था,
जायज की तू है जान माँ कैसे भूलू तेरे एहसान माँ,
मेरी माँ मेरी माँ तेरे जैसा दूजा और कहा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6451/title/sari-umar-tumhari-kami-khale-gi-maa-jab-dunga-awaaj-tu-sang-chale-gi-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |